# मोबाइल वेटरनरी यूनिट के कॉल सेंटर से घर बैठे मिलेगी पशु चिकित्सकों की सुविधा



मोबाइल वेटरनरी यूनिट के कॉल सेंटर का लोकार्पण करने के बाद महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित व भाजपा जिला अध्यक्ष विजय आचार्य ने अवलोकन किया।

- **मोबाइल वेटरनरी यूनिट 1962 के कॉल सेंटर का लोकार्पण**
- **पशुपालक 1962 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर अपने बीमार पशु की चिकित्सा के लिए संपर्क कर सकते हैं**
- **श्रीडूंगरगढ ब्लॉक में 3 मोबाइल वेटरनरी यूनिट शिविर लगाकर पशुपालकों को सेवाएं दे रही है**

**बीकानेर,(** कासं)। पशुपालन विभाग द्वारा मोबाइल वेटरनरी यूनिट 1962 के कॉल सेंटर का लोकार्पण बुधवार को किया गया।

पशुपालन विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में इस कॉल सेंटर का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह से जिला स्तरीय कार्यक्रम को जोड़ा गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम जस्सूसर गेट स्थित वेटरनरी हेल्थ कार्यालय में हुआ। मुख्य अतिथि महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने कहा कि इस योजना के संचालन से पशुपालकों को घर बैठे ही पशु चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने इस योजना का प्रचार-प्रसार करने की बात कही और आमजन से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा की इससे पशुधन की जीवन की हो सकेगी।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. कुलदीप चौधरी ने बताया कि जिला स्तर पर मोबाइल वेटरनरी यूनिट 1962 इस वर्ष 24 फरवरी से संचालित है। इसके तहत सितम्बर तक 8 हजार शिविरों के माध्यम से जिले के 25 हजार 352 पशुपालकों को लाभ दिया जा चुका है। इसके माध्यम से 1 लाख 36 हजार 184 बीमार पशुओं का इलाज किया गया है। कॉल सेंटर के माध्यम से पशुपालक 1962 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर अपने बीमार पशु की चिकित्सा के लिए संपर्क कर सकते हैं।

इसके साथ ही चिकित्सा के लिए मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एमवीयू) पशुपालक के घर तक पहुंच जाएगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ ओमप्रकाश परिहार ने किया। जिला नोडल अधिकारी डॉ शशिकांत शर्मा ने योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में विजय आचार्य और श्यामसुंदर चौधरी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

श्रीडूंगरगढ़ के पशुपालन विभाग के खंड कार्यालय में मोबाइल वेटरनरी यूनिट के हेल्पलाइन नंबर 1962 का लोकार्पण विधायक ताराचंद सारस्वत ने किया। केन्द्र प्रवर्तित योजना के तहत राजस्थान में 536 मोबाइल वेटरनरी यूनिट से पशुपालकों को उनके घर पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि श्रीडूंगरगढ ब्लॉक में 3 मोबाइल वेटरनरी यूनिट शिविर लगाकर पशुपालकों को सेवाएं दे रही हैं। अब 1962 कॉल सेंटर प्रारंभ होने पर पशुपालकों को उनको दरवाजे पर ही पशु चिकित्सा सेवा मिल सकेंगी। इस पर फोन कर पशुपालक इन सेवाओं का लाभ ले सकेगा। प्रत्येक मोबाइल यूनिट के लिए एक पशु चिकित्सा अधिकारी, एक तकनीकी पशु चिकित्सा कर्मी तथा एक ड्राइवर कम पशु परिचालक की व्यवस्था की गई है।

कॉल सेंटर में 10 पशु चिकित्सकों और तकनीकी पशु चिकित्सा कर्मियों के दल को नियोजित किया जायेगा। राज्य स्तरीय कॉल सेंटर के माध्यम से सामान्य रोगों के उपचार हेतु टेली मेडिसिन व्यवस्था की जायेगी। इस दौरान विधायक सारस्वत ने कहा है कि राज्य सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है।

## सरहदी क्षेत्र में जनसुनवाई करेगी कलेक्टर

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की पहल पर 'मिशन सरहद संवाद' कार्यक्रम चलाया जायेगा। इसके तहत जिला कलेक्टर सरहदी क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद करेंगी और उनकी समस्याएं सुनेंगी।

सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगी और पात्र लोगों को इनका लाभ दिलाया जायेगा। साथ ही सीमांत क्षेत्र के गांवों के विकास का रोडमैप तैयार करते हुए यहां सभी आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाने की दिशा में भी काम होगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सीमांत क्षेत्र में रहने वाले लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना है। इसके तहत 10 अक्टूबर से 12 दिसम्बर तक सीमावर्ती ग्राम पंचायत में जनसुनवाई की जायेगी।

इस दौरान प्रयास रहेगा कि अधिकतर समस्या मौके पर ही निस्तारित हो। संबंधित उपखण्ड अधिकारी इसका नोडल और विकास अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी होगा। इस दौरान विभागों के जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन और गुणवत्ता की जांच की जायेगी। जिला कलेक्टर ने बताया कि मिशन सरहद संवाद से जुड़ी समस्त सूचनाओं के आदान-प्रदान, नियमित मॉनिटरिंग तथा समन्वय के लिए टीम का गठन किया गया है।

# विद्यार्थी विनम्र रहेंगे तो कोई कार्य नहीं रूकेंगे : अरुण कुमार



कृषि महाविद्यालय बीकानेर में नवागंतुक विद्यार्थियों के ओरियंटेशन कार्यक्रम को कुलपति प्रो. अरूण कुमार सिंह ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय से संबद्ध कृषि महाविद्यालय बीकानेर में नवागंतुक बीएससी, एमएससी, पीएचईडी विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के पूर्व निदेशक बीज डॉ सी.पी.सचान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरूण कुमार ने की। डॉ सी.पी सचान ने कहा कि विद्यार्थियों को आज अगर सफल होना है तो बहुआयामी प्रतिभाशाली होने की आवश्यकता है। आगे किस फील्ड में जाना है इसको लेकर भी कॉलेज में आए विद्यार्थियों का विजन क्लीयर होना चाहिए।

विपरीत परिस्थितियों में काम करने और ग्रुप लीडर के रूप में काम करने की क्वालिटी भी विकसित करें। स्टूडेंट्स में क्राइसिस ऑफ ओनरशिप की भावना भी विकसित होनी चाहिए। यानि विद्यार्थी विश्वविद्यालय को अपना समझें तभी विश्वविद्यालय भी तरक्की करता है और स्टूडेंट्स भी अपने जीवन में ऊंचाईयों को छूते हैं।

कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कहा कि कुलपति होने के नाते हम सभी स्टूडेंट्स के अभिभावक हैं और अभिभावक के रूप में हमेशा स्टूडेंट के साथ खड़े मिलेंगे। उन्होंने स्टूडेंट्स को सीख देते हुए कहा कि आप अपने जीवन में जितने विनम्र रहेंगे आपके कोई कार्य नहीं रूकेंगे। साथ ही सीनियर्स को सम्मान देने और अधिक से अधिक स्वाध्याय करने की सीख भी दी।

वित्त नियंत्रक राजेन्द्र कुमार खत्री ने स्टूडेंट्स से कहा कि आपने कृषि विषय चुना है तो इसमें ताउम्र देश सेवा भी सम्मिलित है। आप भविष्य में किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक की जानकारी देंगे। साथ ही कहा कि यहां के कुलपति डॉ अरुण कुमार स्टूडेंट्स के लिए समर्पित हैं।

## पीबीएम के आस पास से हटेगा अतिक्रमण

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से संबद्ध बीकानेर संभाग के सबसे बड़े चिकित्सालय पीबीएम अस्पताल के सौन्दर्यकरण अतिक्रमण और सफाई व्यवस्था के मुद्दों पर बुधवार को प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी एवं महापौर सुशीला कंवर के बीच शिष्टाचार भेंट हुई। इस दौरान मेयर ने कहा कि बीकानेर नगर निगम द्वारा पीबीएम परिसर के पास अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही शीघ्र शुरू करवा दी जायेगी।

इसके अतिरिक्त निगम पीबीएम परिसर में सौन्दर्यकरण के कार्य भी करवाएगा और सफाई व्यवस्था को लेकर नियमित मॉनिटरिंग निगम द्वारा की जायेगी। महापौर द्वारा पीबीएम को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेयर के इस निर्णय से मरीजों एवं उनके परिजनों, कार्मिकों, डॉक्टर्स एवं अधिकारियों को काफी राहत मिलेगी। हाल ही में महापौर ने पीबीएम परिसर के लिए 3 हाईमास्ट लाइट, 100 एलईडी लाइट्स 90 वॉट की लगवाने के लिए यूओ नोट जारी कर स्वीकृति प्रदान की गई है।

# सजे पंडाल, मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित

- **दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरूआत, धार्मिक अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे**

**बीकानेर,**(कासं)। शारदीय नवरात्र में घर-घर और देवी मंदिरों में शक्ति की उपासना का क्रम चल रहा है। देवी उपासक, साधक और श्रद्धालु देवी का व्रत और आराधना कर रहे हैं। रात्रि जागरण का आयोजन हो रहा है। नवरात्र में दुर्गा पूजा महोत्सव का भी आगाज हो गया है।

गली-मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर सजे पंडालों में देवी प्रतिमाएं विराजित कर उनकी पूजा-अर्चना का क्रम प्रारंभ हो गया है। मंगलवार को कई स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन किया गया। देवी पाठ और मंत्र जाप हुए। बुधवार से भी कई स्थानों पर दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरूआत होगी।

लखोटिया चौक प्रांगण में दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरूआत हुई। विधि विधानपूर्वक देवी प्रतिमा स्थापित की गई। वेदपाठी ब्राह्मणों के मंत्रोच्चारण के बीच देवी प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई।

आयोजन से जुड़े श्रीबल्लभ पुरोहित ने बताया कि इस अवसर पर देवी पाठ और मंत्र जाप हुआ। रात्रि में डांडिया नृत्य का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं व महिलाओं ने भाग लिया।

सिंह मण्डल, नृसिंह नवयुवक मण्डल व अशोक वाटिका सेवा समिति की ओर से आयोजित महोत्सव के तहत चार दिन डांडिया नृत्य का आयोजन होगा। 11 अक्टूबर को 551 कन्याओं का पूजन, महाप्रसाद और छप्पन भोग का आयोजन होगा। वहीं चौथाणी ओझा चौक में दुर्गा पूजा महोत्सव का आगाज देवी प्रतिमा को स्थापित करने और पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत रानी बाजार क्षेत्र स्थित बंगाली मंदिर में दुर्गा पूजा महोत्सव परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया जायेगा। बीकानेर बंगाली संस्थान के सचिव बबलू कुमार पुरकाईत के अनुसार महोत्सव में 10 अक्टूबर को महासप्तमी पूजा होगी।

# सड़कों की मरम्मत के लिए 24 करोड़ रूपये मंजूर

**बीकानेर,** (कासं)। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राज्य में वर्षा से क्षतिग्रस्त 2 हजार 328 कार्यों की स्थाई मरम्मत के लिए 964.43 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। इनमें बीकानेर जिले की 29 सड़कें शामिल हैं, जिनकी मरम्मत के लिए लिए 2401.01 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की है।

इनमें इनमें राज्य मद की 2361 लाख तथा एसडीआरएफ के तहत 40.01 लाख रुपए सम्मिलित हैं। इस राशि से 118.26 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत के कार्य किए जाएंगे। स्वीकृत कार्यों में बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 115.50 लाख रुपए लागत से 3, बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 50 लाख रुपए लागत से एक, खाजूवाला क्षेत्र में 649.23 लाख रुपए लागत से 8 तथा कोलायत क्षेत्र में 766.75 लाख रुपए की लागत से होने वाले 7 कार्यों की स्वीकृति जारी की है। लूणकरनसर क्षेत्र में 421.68 लाख रुपए लागत से 7, श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में 130.50 लाख रुपए लागत से एक तथा नोखा में 267.37 लाख रुपए लागत से 2 कार्यों की स्वीकृति जारी की गई है। उन्होंने सभी कार्य अविलम्ब शुरू करवाने तथा इसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

## विद्यार्थियों को जूते-जुराब बांटे

**बीकानेर,**(कासं)। महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, बीकानेर ग्रेटर केन्द्र के तत्वावधान में बुधवार को राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय नत्थूसर मालियान के विद्यार्थियों को जूते एवं जुराबों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. नरेश गोयल थे। वितरण समारोह की अध्यक्षता कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने की। महेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जूता वितरण कार्यक्रम के भामाशाह किरण कुमार मूंधडा के सौजन्य से छियासठ नियमित छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस के जूते एवं जुराब उपलब्ध करवाये गए।

# सानिया खालिद को माइक्रोसॉफ्ट में मिला 51 लाख का पैकेज

- **सानिया ने कंप्यूटर साइंस में स्नातक की डिग्री ली है**

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के संघटक अभियांत्रिकी महाविद्यालय यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग बीटेक बैच 2021-25 की छात्रा सानिया खालिद को प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी माइक्रोसॉफ्ट इंडिया में 51 लाख रूपए वार्षिक के पैकेज पर प्लेसमेंट मिला है।

ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर एवं एसोसिएट डीन डॉ. सुधीर भारद्वाज ने बताया कि माइक्रोसॉफ्ट ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वह प्रतिभाओं का सम्मान करती और उभरते हुए पेशावरों को रोजगार के स्वर्णिम अवसर प्रदान करती है। सानिया ने माइक्रोसॉफ्ट में 51 लाख रुपये प्रति वर्ष का प्रभावशाली वेतन पैकेज हासिल करके असाधारण उपलब्धि अर्जित की है। सानिया की असाधारण जीत ने न केवल उनकी शैक्षणिक यात्रा पर एक स्थायी छाप छोड़ी है, बल्कि कई युवाओं के लिए प्रेरणा भी बन गई है। अपनी सफलता के सीक्रेट पर बात करते हुए सानिया कहती हैं कि हमेशा नई चीजों को सीखने के लिए तैयार रहें और लगातार नॉलेज को पाएं सीमाओं से परे जाकर खोज करने से बिल्कुल भी न डरें। कंप्यूटर साइंस में स्नातक की डिग्री के दौरान मुझे इस बात का अहसास हुआ कि तकनीक की इस तेज़-तर्रार दुनिया में प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने कौशल को लगातार अपडेट करना कितना ज़रूरी है। कुलपति प्रो. अजय कुमार शर्मा ने सानिया खालिद को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

# जमीन से जुड़े मामलों का पूर्ण पारदर्शिता से निस्तारण कर आमजन को न्याय दें : कलेक्टर




हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकरियों की बैठक को संबोधित किया।

- **जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तरीय और जनसुनवाई, राजस्थान सम्पर्क से प्राप्त प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करें**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकरियों की बैठक हुई। राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि जमीन से जुड़े मामलों का पूर्ण पारदर्शिता से निस्तारण कर आमजन को न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए। राजस्व के पुराने लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करें ताकि लोगों को राहत मिले।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राजस्व संबंधी प्रकरणों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मुख्य सचिव गंभीर है। उच्च स्तर पर लगातार समीक्षा कर निगरानी रखी जा रही है। ऐसे में एक निश्चित समयावधि में निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तरीय और नियमित जनसुनवाई, रात्रि चौपाल, राजस्थान सम्पर्क और अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करें। इसमें परिवादी से बात कर संतुष्टि जानते हुए ही प्रकरण बंद किए जाए।

कानाराम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 54 हनुमानगढ़ से कैंचिया के लिए भूमि अवाप्ति कार्य, प्राथमिक डिक्री, आर.टी. एक्ट, नामान्तरण, तलबी, गिरदावरी प्रगति, शिकायत मामलों, भूमि अवाप्ति, फसल कटाई प्रयोग, जनसुनवाई प्रकरण सहित विभिन्न विषयों पर समीक्षा की। उन्होंने फसल कटाई के साथ सीमाज्ञान और पत्थरगढ़ी के लम्बित प्रकरणों को निस्तारित कराने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम अपने क्षेत्रों के आगामी मेलों में कानून और सफाई व्यवस्था की तैयारियों पहले ही सुनिश्चित करें। सड़क विकास कार्यों का मौका निरीक्षण किया जाकर गुणवत्ता की जांच हो। झूलते तारों, टूटे-टेड़े पोल को ठीक कराएं। आवारा पशुओं से संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गौशाला में छुड़वाए। जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा भी करें।

## ग्वाला, कृष्णा ब्रांड घी अनसेफ

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है और नियमित रूप से सैंपल लिए जा रहे हैं। विभाग की ओर से लिए जाने वाले सैंपल्स की रिपोर्ट आने के बाद अब राज्य स्तरीय निर्देशानुसार ऐसे संस्थानों के नाम व खाद्य सामग्री का नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं, जो अनसेफ व सब स्टेंडर्ड मिले हैं।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि विभाग की ओर से अगस्त-सितम्बर में लिए गए खाद्य पदार्थों के लिए गए सैंपल्स में से सात की रिपोर्ट अमानक पाई गई है। इनमें वैन में पकड़ा गया घी अनसेफ मिला है। उल्लेखनीय है कि सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने रात्रिकालीन समय में वैन से मिलावटी घी होने की आशंका में रीको स्थित एक संस्थान पर दबिश देकर घी को सीज किया था। इस दौरान सेंट्रल सिटी मार्केट रीको स्थित हर्ष ट्रेडिंग कंपनी पर 16 सितम्बर को एडिबल ऑयल और ग्वाला, कृष्णा ब्रांड घी का सैंपल लिया। विभागीय लैब जांच में एडिबल ऑयल सब स्टैंडर्ड और घी अनसेफ पाया गया।

## सार-समाचार

### पी.एच.सी. भवन का उद्घाटन




श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सावतसर के नए भवन का उद्घाटन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सावतसर के नव-निर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान सारस्वत ने लाभार्थियों को नि:शुल्क सोनोग्राफी के 'मां वाउचर' का वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर विधायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव सोनी, श्रीराम भादू, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. आयुष जानू, महीराम बिश्नोई, धूड़ाराम डेलू, हेमनाथ जाखड़, महेश राजोतिया, रामनिवास, शुभकरण, बीरबल, शंकर लाल, ज्ञानीराम, मास्टर भंवरलाल, कालूराम मेघवाल, शंकरलाल, हम्मानाराम, ओमप्रकाश, हेतराम, राजाराम, शुभकरण, भंवरलाल, रामरतन, बुधराम आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रामरतन बिश्नोई ने किया।

### कन्या छात्रावास भवन का भूमि पूजन

**बीकानेर,** (कासं)। पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर परिसर में बुधवार को कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित द्वारा नए कन्या छात्रावास भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। कुलपति आचार्य दीक्षित ने बताया कि वेटरनरी प्रोफेशन में छात्राओं की रूचि लगातार बढ़ी है, जिससे प्रत्येक वर्ष छात्राओं का प्रवेश प्रतिशत बढ़ा है। सभी सुविधाओं से सुसज्जित 20 कमरों का नवीन छात्रावास तैयार किया जा रहा है जो कि इस महाविद्यालय में पढने वाली छात्राओं हेतु सुविधा के साथ-साथ सुरक्षित आवास भी होगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठाता प्रो. हेमन्त दाधीच, निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूडिया, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रवीण बिश्नोई, निदेशक पी.एम.ई. प्रो. राहुल सिंह पाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनीता पारीक और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व इन्चार्ज एवं फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे।

### जैन गर्ल्स कॉलेज में गरबा की धूम

**बीकानेर,** (कासं)। नवरात्रा के अवसर पर आज कॉलेज में छात्राओं के लिए गरबा डांडिया नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने प्रतिभागी के रूप में नृत्य की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को प्राचार्य डा. संध्या सक्सेना ने पुरस्कृत कर सांस्कृतिक उत्सव में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। बेस्ट डांसर पूजा मूंधड़ा, बेस्ट ड्रेस रीवा सोनी और मिताली सोनी, बेस्ट कपल प्रांजल सोनी और रितिका सोनी को प्राचार्य ने पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर सभी संकाय सदस्यों ने भी गरबा नृत्य का आनंद लिया।

### रामलीला में सीता का हुआ हरण

**झुंझुनूं** ।गांधी चौक रामलीला मैदान में पंचवटी पर लंकापति रावण की बहन सुर्पनका का राम के भाई लक्ष्मण ने नाक काटा। नाक कटते ही चिल्लाते हुए खर, दूषण और तिरस्त्रा के पास गई। तीनों भाई बहन के साथ पंचवटी जाते हैं और राम को युद्ध के लिए ललकारते हैं। लक्ष्मण माता सीता को लेकर पहाड़ों में चले जाते हैं। राम युद्ध करते हुए उनका संघार कर देता है। परेशान सुर्पनका सहायता के लिए अब रावण के पास जाती हैं। चेहरा देखते ही रावण आग बबूला होकर पूछता है बतला बहने सुर्पनका यह कैसा घोर घमासान हुआ। तब वो राम सीता और लक्ष्मण की बात बताती है। इतना सुनते ही रावण मामा मारीच के पास जाकर सीता हरण के लिए उसे माया मृग बनने का हुकुम देता। रावण साधु के भेष में सीता का हरण करता है। उधर राम और लक्ष्मण को इसका गहरा आघात लगता है। दोनों भाई पंचवटी से सीता की खोज में निकल पड़ते हैं। लिया में प्रमोद खंडेलिया, श्रीकांत पंसारी, दिनेश शर्मा, गौरीशंकर कुमावत, प्रकाश शर्मा, गौरीशंकर खडोलिया, मुकेश व्यास, संजय सैनी आदि उपस्थित रहे।

### कॉल सेंटर 1962 का लोकार्पण

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** । भारत सरकार की केंद्र प्रवर्तित योजना के तहत प्रदेश में 536 मोबाइल वेटेरनरी युनिट से पशुपालकों को उनके घर पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी।यह जानकारी देते हुए पशुपालन विभाग लक्ष्मनगढ के उपनिदेशक डॉ मोहन भोगे ने बताया कि कॉल सेंटर का हेल्प लाइन नंबर 1962 है जिस पर फोन कर पशुपालक इस सेवा का लाभ ले सकेगा। उन्होंने बताया कि पशु बिमार होने पर कॉल सेंटर हेल्पलाइन नंबर 1962 पर सूचना दर्ज करानी पड़ेगी । कॉल सेंटर के द्वारा पशुपालक का नाम, गांव ,पशु एवं रोग के लक्षण आदि की जानकारी प्राप्त कर सिस्टम पर दर्ज होगी तथा लक्षणों के आधार पर सिस्टम में पूर्व से संधारित डाटा अनुसार एवं कॉल सेंटर पर उपस्थित पशु-चिकित्सक की सलाह अनुसार टीप्स जनरेट किया जाएगा। इसके बाद पशुपालक के फोन पर एक मेसेज जाएगा तथा एक मेसेज संबंधित गांव की मोबाइल वेटेरनरी यूनिट के पशु चिकित्सक के फोन पर जाएगा। साथ ही इससे संबंधित विवरण पशु चिकित्सक के पास उपलब्ध मोबाइल एप्लीकेशन पर भी प्रदर्शित होगा। मोबाइल वेटेरनरी यूनिट पर उपलब्ध जीपीएस तथा मोबाइल पर उपलब्ध एप्लीकेशन की ट्रेनिंग काल सेंटर पर द्वारा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पशु-चिकित्सक यथोचित उपचार कर एप्लीकेशन पर दर्ज करेगा।कहां हो राम रघुराई, करे अब कौन सुनवाई...ये पापी हर ले चला है..

### गुजराती गानों पर किया नृत्य

**राजलदेसर,** (निसं.)। कस्बे में बालाजी सेवा समिति एवं उतरादा बास वार्ड नं 12 के मोहल्ले वासियों के सहयोग से रेलवे फाटक के पास नवरात्रि के पावन पर्व पर तीसरी बार दुर्गा पूजा महोत्सव के साथ 4 दिवसीय डांडिया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां कस्बे की महिलाओं व युवतियों के द्वारा शानदार राजस्थानी वेश भूषा में सज धजकर गुजराती व अन्य गानों पर समूह के साथ डांडिया गरबा के साथ नृत्य किया व मातारानी को रिझाया। विशेष कर युवतियों में डांडिया गरबा को लेकर काफी उत्साह नज़र आ रहा है। इस अवसर पर समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

### जागरुकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

**झुंझुनूं।** सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बुधवार को डेंगू के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के लिए सीएमएचओ ऑफिस से दो जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी ने बताया कि ये वाहन चार दिन तक शहर के सभी क्षेत्रों में माईकिंग कर पेंपलेट वितरित कर डेंगू के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि विभाग विभिन्न माध्यमों से आमजन को इस बात के लिए जागरूक करने का प्रयास कर रहा है कि आपके घरों में आपकी जरा लापरवाही से पनपने वाले मच्छर आपको कितना नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की टीम को सपोर्ट करें। उनके बताए अनुसार पानी की टंकी, कूलर, फ्रीज की ट्रे, गमले आदि को नियमित साफ करें। ताकि मच्छर पैदा करने वाला लार्वा आपके घर में नहीं पनपे। उन्होंने बताया कि 60 टीम भी सभी 60 वार्डों के घरों में क्रॉस विजिट कर रही है और एंटी लार्वा गतिविधियां संचालित कर रही है।

### बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ कार्यशाला

**बीकानेर,** (कासं)। महिला अधिकारिता तथा महिला एवं बाल विकास परियोजना द्वारा बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के तहत बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान कार्यशाला का पांचू में आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साथिन, आशा का विभागीय गतिविधियों, योजनाओं और अधिनियमों पर आमुखीकरण और द्विपक्षीय वार्ता की गई। इस अवसर पर विकास अधिकारी जसवंत विश्नोई ने बाल विवाह रोकथाम पर जानकारी दी। सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र ने शिक्षा विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. विकास ने भी कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के साथ लाडो और मुखबिर योजना के बारे में बताया।